## महत्वपूर्ण एवं खास

### ट्रक की ठोंकर से मोटर सायकल चालक की मौत, पीछे बैठा युवक घायल

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** थाना तमनार क्षेत्रान्तर्गत झिंगोल मेन रोड़ पर सुबह करीब 10:30 बजे 10 चक्का ट्रक क्र ओआर 23 डी 5453 का चालक अपने ट्रक वाहन को तेजी व लापरवाही पूर्वक चलाते हुये सोल्ड मोटरसायकल बजाज सीटी 100 के चालक हीराधर गुप्ता पिता दिनेश गुप्ता उम्र 30 वर्ष निवासी बरगुडी थाला लैलूंगा को ठोंकर मार दिया। ट्रक का चालक मौके पर ट्रक को छोडकर भाग गया हैं। आसपास के लोगों ने डायल 112 को फोन कर सूचना दिया जिस पर डॉयल 112 स्टॉफ घायल बाईक के चालक हीराधर गुप्ता और बाईक पर सवार घायल उसके साथी को ईआरव्ही वाहन से बिठाकर अस्पताल लेकर गये। अस्पताल में हीराधर गुप्ता को डॉक्टर ने मृत बताया तथा उसका साथी की स्थिति भी समान्य नहीं है। घटना के रिपोर्ट पर थाना तमनार में अप.क्र. 190/19 धारा 279,337,304(ए) आईपीसी ट्रक के चालक के विरूद्ध दर्ज किया गया है।

### युवक का रास्ता रोककर मोबाईल, नकदी व मोटरसायकल की लूट

» चार अज्ञात आरोपियों के विरूद्ध जुर्म दर्ज

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** ग्राम सुबरा थाना लैलूंगा निवासी केशव चौहान पिता लोहर साय चौहान उम्र 19 वर्ष दिनांक 01/10/19 को सुबह करीब 09 बजे अपने घर से मोटर सायकल क्र0 सीजी 13 एसी 1834 एचएफ डिलक्स में मक्का लेकर बेचने के लिये खम्हरिया बाजार गया हुआ था और मक्का बेचकर वापस अपने घर सुबरा मोटर सायकल से आ रहा था कि तोलगे जंगल साजा मोड में 04 लड़के, दो मोटर सायकल में खड़े हुये थे। चारों लड़के केशव को हाथ से इसारा कर रोके और केशव को गाल में थप्पड़ मारकर डरा धमकाकर उसके जेब में रखे ओप्पो मोबाईल एफ11, नगदी 3000/- रूपये और मोटर सायकल क्रमांक सीजी 13 एसी 1834 को लूट कर लैलूंगा तरफ भाग गये। पीड़ित के रिपोर्ट पर थाना लैलूंगा में अज्ञात आरोपी के विरूद्ध अप.क्र. 213/19 धारा 392 आईपीसी दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

### एनटीपीसी लारा में तैनात सिक्यूरिटी स्टाफ ने टाटा कम्पनी के दो कर्मचारियों को केबल वायर चोरी कर ले जाते पकड़ा

» आरोपीगण स्कूटी की डिक्की अंदर रखकर ले जा रहे थे कीमती केबल वायर

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** थाना पुसौर में केऔसुब इकाई एलएसटीपीपी लारा पोस्ट छपोरा में कार्यरत सहायक उपनिरीक्ष डी0के0चौधरी द्वारा आवेदन देकर चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराया गया है। जिसके अनुसार दिनांक 26/09/19 को समय लगभग 15:30 बजे एनटीपीसी लारा संयंत्र के टाटा गेट से संयत्र में कार्यरत टाटा कंपनी के 02 कर्मचारी न्यू सोल्ड हिरो ड्यूट स्कुटर से संयंत्र के बाहर जा रहे थे। संयंत्र टाटा गेट पर समय 13:00 बजे से 21:00 बजे तक के लिए बी शिफट में तैनात केऔसुब बल सदस्य आ/जीडी अनिश सिंह एवं वहां उपस्थित केऔसुब क्राईम विंग के आ/जीडी मनिन्दर कुमारने उक्त स्कुटर चालक को हाथ दिया एवं वाहन रोककर चेक कराने को कहा जो एक नियमित सुरक्षा जांच की प्रक्रिया थी। इसके बाद उक्त स्कूटर के चालक से गाडी की डिक्की जो शीट के नीचे होती हैं को खोलने के लिए कहा गया वाहन के डिक्की खोलने पर उसमें से 02 नये पैक में पांलीकेब कंपनी के वायर के बंडल पाये गये जिनकी अनुमानित कीमत रूपये 22000 रूपये है। आरोपी 01- नंद कुमार पटेल पिता राम कुमार पटेल उम्र 26 वर्ष बीच बस्ती बरमकेला 02- भवानी पटेल पिता लेचन प्रसाद पटेल निवासी मुख्य बस्ती कोमतरा जिला रायगढ के विरूद्ध थाना पुसौर में अप.क्र. 170/19 धारा 379,34 आईपीसी दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

### चोरी की मोटर सायकल के साथ युवक गिरफ्तार

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** थाना पुसौर स्टाफ द्वारा मुखबिर सूचना पर आरोपी हेंमत निषाद पिता धनसाय निषाद उम्र 30 वर्ष निवासी रानीसागर थाना सारंगढ को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी के पास से मोटर सायकल हिरो पेशन प्रो सीजी 13-0287 जप्त किया गया है। जिसे आरोपी ने पुसौर निवासी कमल गुप्ता के घर के सामने से दिनांक 23/08/2019 को चोरी किया था। मोटर सायकल चोरी के संबंध में थाना पुसौर में अप.क्र. 150/19 धारा 379 दर्ज है। आरोपी को गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया है।

# राष्ट्रपिता के 150 वी जयंती पर समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए योजनाएं हुई शुरू

**मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान, मुख्यमंत्री हाट-बाजार योजना, मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना एवं सार्वभौम पीडीएस के क्रियान्वयन का शुभारंभ**







**न्याय साक्षी/रायगढ़।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के 150 वीं जयंती के अवसर पर आज पंजरी प्लाट स्थित न्यू ऑडिटोरियम में मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान, मुख्यमंत्री हाट-बाजार योजना, मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना एवं सार्वभौम पीडीएस के क्रियान्वयन का शुभारंभ किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महापौर मधुबाई ने कहा कि सभी नागरिक शासन की इन महत्वपूर्ण योजनाओं का लाभ लें। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुपोषण एवं अन्य योजनाएं बच्चों एवं माताओं के लिए हितकारी होगी।

कलेक्टर यशवंत कुमार ने अपने उद्गार व्यक्त करते हुए कहा कि गांधी जयंती के अवसर पर आरंभ की जा रही शासन की यह योजनाएं जनसामान्य के लिए बेहद लाभकारी एवं उपयोगी साबित होगी। मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना से स्लम क्षेत्रों के निवासियों के लिए कारगर है। उन्होंने कहा कि सभी योजनाओं के क्रियान्वयन में सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि गांधी जी के मंशा अनुरूप देश का विकास तभी संभव है जब किसी भी योजना से अंतिम व्यक्ति लाभान्वित हो। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की यह योजना इस दिशा में कारगर पहल है। सुदूर अंचल तक समाज के अंतिम व्यक्ति तक इस योजनाओं के क्रियान्वयन का दायित्व जिले के सभी नागरिकों का है तभी यह योजना फलीभूत होगी। उन्होंने कहा कि जिले के सभी नागरिकों का स्वास्थ्य परीक्षण होना चाहिए। विशेषकर महिलाएं अपनी दिनचर्या में लगी रहती है और अपने स्वास्थ्य पर ध्यान नहीं दे पाती। उन्हें अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक होना चाहिए कि शरीर में हिमोग्लोबिन एवं आयरन एवं अन्य पोषक तत्वों की मात्रा कितनी है। सभी आंगनबाड़ी कार्यकर्ता को मातृ एवं शिशु मृत्यु दर को रोकने के लिए इन सब बातों की जानकारी होना चाहिए। गर्भवती माताओं को फोलिक एसिड सहित अन्य सभी महत्वपूर्ण दवाईयां देना है तभी यह योजनाएं सही मायने में सफल हो सकेंगी। उन्होंने कहा कि शासन की ओर से सार्वभौम पीडीएस सभी के लिए बनाया जाएगा। जिला प्रशासन की ओर से भी इस दिशा में नवीन पहल की जा रही है। जिसके अंतर्गत सभी जिला स्तरीय अधिकारी एवं कर्मचारी एपीएल राशन कार्ड से राशन लेकर गरीब एवं जरूरतमंदों के हित में दान करेंगे। जिससे कोर्ट, रेल्वे स्टेशन एवं अन्य स्थानों में दालभात केन्द्रों में राशन जरूरतमंदों को उपलब्ध करायेंगे।

जिला पंचायत सीईओ सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी ने कहा कि गांधी जयंती के अवसर पर इन योजनाओं का शुभारंभ किया जा रहा है, ताकि गांधी जी के ग्राम स्वराज की भावना के अनुरूप विक्रेन्द्रित व्यवस्था का संदेश जन-जन तक पहुंचे। उन्होंने कहा कि प्रशासन नागरिक तक पहुंचे इसके लिए हम कृत संकल्पित है।

### 12 बोर बंदुक व जिंदा कारतूस के साथ पकड़ा गया आरोपी

» कोतवाली पुलिस की आर्म्स एक्ट की कार्यवाही



**न्याय साक्षी/रायगढ़।** पिछले दिनों एडिशनल एसपी अभिषेक वर्मा द्वारा शहर के सभी थाना/चौकी प्रभारियों को शहर के हॉटल/लॉज/ढाबा को प्रतिदिन चेक कर संदिग्ध गतिविधियों पर निगाह रखने हेतु निर्देशित किया गया है। इसी क्रम में आज दिनांक 02.10.19 को थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक एस.एन. सिंह उनका स्टाफ शहर के हॉटल/लॉज/ढाबा चेक किया जा रहा था इसी दरम्यान दोपहर 15.00 बजे के करीब केवडा बाडी बस स्टैण्ड, यात्री प्रतिक्षालय रायगढ में मदन यादव पिता स्व. मुखन प्रसाद यादव उम्र 50 वर्ष ग्राम तुर्की थाना कुदरा जिला कैमुर (भभुआ) बिहार हा.मु. पतरापाली जिंदल रोड रायगढ को एक 12 बोर का डबल बैरल वाला गन क्रं. 12409 सी, वाई 2010 लिखा हुआ एवं 05 नग जिंदा कारतूस के साथ पकडा गया। आरोपी के विरूद्ध थाना कोतवाली में धारा 25 आर्म्स एक्ट की कार्यवाही कर आरोपी न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

## शुष्क दिवस पर अवैध शराब बिक्री की तैयारी को जुटमिल पुलिस ने किया विफल

**शराब रेड कार्यवाही में जुटमिल पुलिस ने पकड़ा 53 पाव देशी मदिरा व 05 नग बियर बॉटल**



**न्याय साक्षी/रायगढ़।** पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह ने 2 अक्टूबर गांधी जयंती के दिन शुष्क दिवस होने पर क्षेत्र में अवैध शराब की बिक्री न हो इसके लिये सभी थाना/चौकी प्रभारियों को निगाह रखकर कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया था।

पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार अति पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा, नगर पुलिस अधीक्षक अविनाश सिंह द्वारा अवैध शराब की सूचना संकलन कर कार्यवाही करने के मार्गदर्शन पर चौकी प्रभारी जुटमिल अंजना केरकेट्टा द्वारा शुष्क दिवस के मद्देनजर विवेचकों की अलग-अलग टीमें बनाकर सघन पेट्रोलिंग करने का निर्देश दिया गया था कि स्टाफ द्वारा मुखबिर सूचना पर मौदहापारा जुटमिल में रहने वाले इमरान अली पिता रमजान अली उम्र 28 वर्ष के घर पर शुष्क दिवस में अवैध रूप से शराब बिक्री करने के लिए काफी मात्रा में रखे होन की सूचना पर रेड कार्यवाही किया गया। आरोपी के घर में रखा हुआ 53 पॉव देशी मदिरा एवं 5 नग बियर (कुल 58 नग 13 लीटर 290 रू) बरामद हुआ जिसे जप्त किया गया है। आरोपी के विरुद्ध थाना कोतवाली (चौकी जुटमिल) में धारा 34(2)59(क) आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही की गई। उपरोक्त कार्यवाही में प्रधान आरक्षक दिलदार कुरैशी, सतीश पाठक, आरक्षक जीतराम लहरे, बनारसी सिदार, शैलेन्द्र पैंकरा, शशि साहू, शिव उरांव, कुलदीप रजक, महिला आरक्षक अनिता बेक, असिनता एक्का की महत्वपूर्ण योगदान रहा है।

## न्यूनतम समय में नागरिकों को पुलिस, फायर व एंबुलेंस की सहायता पहुंचाने वाले डायल 112 को 2 माह में मिले 5365 इवेंट





**न्याय साक्षी/रायगढ़।** राज्य सरकार की डायल 112 आपातकालीन सेवा छत्तीसगढ़ राज्य की 11 जिलों में सितंबर 2008 से निरंतर कार्यरत है। जिले में दिनांक 04.09.18 से डॉयल 112 सेवा प्रारंभ है जिसके लिये 20 ईआरव्ही वाहन तथा 03 दुपहिया वाहन उपलब्ध है। पिछले 02 माह (अगस्त/सितम्बर) में जिले में संचालित डॉयल 112 के ईआरव्ही वाहनों को 5365 इवेंट प्राप्त हुआ जिसमें 736 तो केवल रोड एक्सीडेंट के तथा 157 सर्पदंश/बिच्छू डंक, जंगली भालू के हमले, पेड़ से गिरने पर चोट, जहर सेवन आदि पर प्राप्त हुये है। जिनमें डॉयल 112 ईआरव्ही स्टाफ द्वारा आहतों को तत्काल सहायता उपलब्ध कराया गया है। इसी दरमियान ईआरव्ही को पारिवारिक विवाद के 555 इवेंट प्राप्त हुए जिसमें मौके पर जाकर समझाइश देकर स्थिति को शांत कराया गया है। थानावार देखा जाये तो पिछले दो माह में थाना कोतवाली/जुटमिल राइनो को 994, चक्रधरनगर को 527, कोतरारोड को 397, पूंजीपथरा को 188, पुसौर को 261, बरमकेला को 190, डोंगरीपाली को 21, सारंगढ़ को 459, कोसीर 66, भूपदेवपुर को 140, खरसिया को 544, छाल को 171, घरघोड़ा को 355, तमनार थाना को 204, धरमजयगढ़ को 279, कापू थाने को 139 तथा थाना लैलूंगा को 231 इवेंट कॉलर से प्राप्त हुए हैं। डायल 112 में तीन शिफ्ट में दो-दो कर्मचारी कार्यरत होते हैं जिनकी ड्युटी रिसपांस टाईम में पीड़ित के पास पहुंच कर मदद पहुंचाना होता है।

इन दो माह के महत्वपूर्ण इवेंट की बात करें तो दिनांक 25.08.19 को चंद्रपुर मंदिर दर्शन कर वापस लौटते समय श्रद्धालुओं की पिकअप डिवाइडर से टकरा गई थी हादसे में घायल 8 व्यक्तियों को डायल 112 की सारंगढ़ राइनो स्टॉफ ने अपनी सूझबूझ से 02 ट्रीप कर अस्पताल ईलाज के लिये पहुंचाया गया था।

पूंजीपथरा राइनों ने मेडिकल इमरजेंसी के इवेंट पर 09 माह की बच्ची के घर जाकर उसे अस्पताल पहुंचाया गया जिसके गले में कोई वस्तु फंस गया था तथा दिनांक 28.09.19 की रात्रि कोडातराई के पास बस और ट्रेलर की भिड़ंत पर 29 घायलों को कोतवाली और पुसौर राइनो ने रेस्क्यू कर अस्पताल पहुंचाया गया।



### किराना दुकान पर दुकानदार बेचा करता था प्रतिबंधित कोरेक्स सिरप

» लैलूंगा पुलिस ने सूचना पर की रेड कार्यवाही, 04 कार्टून में रखे 576 नग कोरेक्स सिरप जप्त

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** थाना प्रभारी लैलूंगा निरीक्षक अभिनव कांत को मुखबिर से वार्ड नं0 07 ललित गोयल के दुकान पर अवैध रूप से कोरेक्स सिरप बड़ी मात्रा में बिक्री के लिये रखे होंने की सूचना मिला।

थाना प्रभारी निरीक्षक अभिवन कांत एवं हमराह स्टाफ द्वारा मादक पदार्थ के अफरा तफरी के पूर्व रेड करना सुनिश्चित किया गया और विधिवत रेड की कार्यवाही की गई है। आरोपी ललित गोयल पिता सत्यनारायण गोयल उम्र 48 वर्ष निवासी लैलूंगा वार्ड नं0 07 के किराना दुकान के बगल में कौशिक मेडिकल स्टोर है। आरोपी अपने किराना स्टोर तथा आसपास के गांवों में कोरेक्स सिरप की बिक्री करना बताया है जिसके दुकान की तलाशी पर मिले 100एमएल वाली 576 नग मादक पदार्थ कोरेक्स की सिरप कीमती 69120 रूपये को जप्त किया गया है जो 04 कार्टून में रखा हुआ था। आरोपी के विरूद्ध थाना लैलूंगा में अप.क्र. 214/19 धारा 21(सी) एनडीपीएस एक्ट की कार्यवाही की गई है।

## गांधी जी की जयंती पर गांधीवादी क्षमानिधि पटेल को सरिया पुलिस ने किया सम्मानित

» ग्राम खैरगड़ी में सरिया पुलिस द्वारा लगाया गया चलित थाना

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 150वीं जयंती है और राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 150वीं जयंती के अवसर पर देशभर में कई कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। महात्मा गांधी जी के जीवनकाल से सत्य और अहिंसा सहित अनेकों प्रेरक वचन हमें प्रेरणा स्वरूप प्राप्त होता है जिनमें से एक स्वच्छता पर गांधीजी का विचार भी प्रेरणादायक है। जहां आज कई जगहों पर गांधी जयंती के अवसर पर स्वच्छता पर आधारित कार्यक्रम किये जा रहे हैं जिससे रायगढ़ पुलिस ने भी अपनी सहभागिता दिखाई।

पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह द्वारा जिले के सभी थाना/चौकी प्रभारियों को कहा गया है कि आमजन के बीच पुलिस की बेहतर छवि बने, इसके लिए सोशल पुलिसिंग की महत्वपूर्ण भूमिका है। समय-समय पर सोशल पुलिसिंग के कार्यक्रम आयोजित करें, आमजन से निरतंर संवाद करें, उनकी हर स्तर की समस्याएं सुनें और उनके निराकरण का हर सम्भव प्रयास करें। पुलिस अधीक्षक महोदय के निर्देशों के पालन में सरिया थाना प्रभारी निरीक्षक आशीष वासनिक पुलिसिंग के आधारभूत कार्यों के साथ सोशल पुलिसिंग के कार्यों में संलग्न रहकर पुलिस की छवि को आमजन के बीच बेहतर बनाते चले आ रहें हैं।

02 अक्टूबर 2019 को गांधी जयंती के अवसर पर थाना प्रभारी सरिया टी.आई. वासनिक अपने थाना क्षेत्र के लोगों के साथ थाना परिसर में एक साथ मिलकर मानने का विचार किया और बापूजी के स्वच्छता संदेश से प्रेरित होकर नगर पंचायत सरिया के सफाई कामगारों को सम्मानित करने के लिये थाने में कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

